हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

4 जिला अस्पताल में पंजीयन काउंटर की अव्यवस्था, मरीज परेशान



बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें

7400009183

## 10 दिनों तक बहेगी भक्ति की बयार, कई जगहों पर निकली कलश यात्रा

# भक्ति भाव के साथ जगह-जगह विराजीं जगत जननी मां दुर्गा



कचहरीपारा पूजा पंडाल में विराजी मां दुर्गा।



रनई में निकली कलश यात्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सोमवार से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो गई। कई पूजा पंडालों में बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, फिर पूजा पंडालों में घट स्थापना कर विधि-विधान के साथ पूजा की गई, इसके साथ ही शारदीय नवरात्र की विधिवत पूजा-अर्चना शुरू हो गई।

इस बार नौ दिनों नहीं बल्कि 10 दिनों तक शक्ति की देवी की पूजा-अर्चना की जाएगी। शहर सहित जिलेभर में जगह-जगह देवी मां की प्रतिमा पूजा पंडालों मंत्रोपचार के साथ रखकर नवरात्र की पूजा शुरू हो गई। सोमवार को शुभ मुहूर्त में सभी जगहों पर माता एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को स्थापित कर पूजा शुरू कर दी गई तथा अखण्ड ज्योत प्रज्जवलित की गई। वहीं देवी मंदिरों में मनोकामना दीप भी प्रज्जवलित की गई। माता का दरबार को विभिन्न पूजा पंडालों में आकर्षक तरीके से बनाया गया है तथा शाम ढलने के बाद रंग-बिरंगी विद्युत रौशनी से पूरा नजारा बेहद खूबसूरत दिखाई देने लगा है। पूरे नवरात्र के दौरान प्रतिदिन माता के अलग-अलग रूपों की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी तथा तिथि अनुसार विभिन्न तरह के भोग भी लगेंगे।



प्रेमाबाग में घट स्थापना

इस नवरात्र में प्रतिवर्ष की भॉति कई पूजा पंडालों के द्वारा भोग भंडारा के साथ धार्मिक कार्यक्रम भी संपन्न कराएंगे। नगर पंचायत पटना के समीप स्थित रनई गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलश यात्रा निकालकर दुर्गा पूजा की शुरुआत की गई।

### देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मनेन्द्रगढ़।** शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। सुबह से ही नगर और ग्रामीण अंचल के देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। परंपरागत विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने प्रथम शक्ति स्वरूपा माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर परिवारिक सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। नगर के प्रमुख मंदिरों में मां शीतला की मढ़ियां, काली बाड़ी, श्री दुर्गा धाम आमा खेरवा रोड, काली मंदिर बस स्टैंड के नीचे, काली मंदिर कॉलेज के पास तथा श्री दुर्गा मंदिर हसदेव गंगा तट सहित जिले के सभी देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए और श्रद्धापूर्वक जवारे बोए गए। इन स्थलों पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही और वातावरण देवी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा कर भक्त अपने जीवन से नकारात्मकता, भय और क्लेश को दूर करते हैं तथा शक्ति, समृद्धि और आरोग्यता की प्राप्ति करते हैं। इस वर्ष नवरात्रि 10 दिनों की होगी, इसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आनंद का माहौल है। मंदिरों और पूजा पंडालों में समितियों द्वारा विशेष सजावट की गई है। जगह-जगह भजन-कीर्तन और जागरण की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### मंदिरों में प्रज्जवलित हुए ज्योति कलश



शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित समस्त देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। कलश प्रज्जवलन के साथ ही मंदिरों के प्रांगण में भक्ति प्रकाश से जगमगाने लगे हैं। श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी-अपनी मनोकामना पूर्ण करने की कामना करते हुए ज्योति के समक्ष आराधना कर रहे हैं। नवरात्रि में ज्योति कलश का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि नौ दिनों तक अखंड ज्योति जलाने से मां दुर्गा की कृपा निरंतर बनी रहती है और भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। यह ज्योति शक्ति, समृद्धि और शुभ फल की प्रतीक मानी जाती है। मंदिरों में सुबह-शाम आरती, भजन-कीर्तन और भक्तों की भीड़ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस पावन पर्व पर अखंड ज्योति प्रज्जवलित करने से जीवन में सुख-शांति, परिवार में मंगल और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नवरात्रि का यह पर्व न केवल श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है, बल्कि भक्ति, संयम और आत्मशक्ति को जागृत करने का भी संदेश देता है।

### चरचा क्षेत्र में नवरात्र की धूम, सज रहे भव्य पंडाल



**चरचा कॉलरी।** शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर चरचा क्षेत्र में उल्लास और उत्साह का माहौल है। जगह-जगह आकर्षक पंडाल सजाए जा रहे हैं। इस बार 10 दिनों तक विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान कर पूजा-अर्चना की जाएगी। चरचा क्षेत्र में परंपरानुसार छठवीं तिथि से प्रतिमाओं के द्वार खोल दिए जाएंगे और सप्तमी से दशहरे तक पूरे इलाके में पर्व की धूम रहेगी। नव युवक संघ सुभाष नगर दुर्गा पंडाल, बंगाली समाज मिलानी क्लब तथा एसईसीएल द्वारा हनुमान मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित होंगी। इसके अलावा ग्राम पंचायत खरवत और बिशुनपुर में भी भक्तजन श्रद्धा-भक्ति से प्रतिमा स्थापना करेंगे। ⏭ शेष पेज 4 पर

### कलश यात्रा निकाल प्रतिमा स्थापित की गई



क्वार नवरात्र की शुरूआत 22 सितंबर से हुई। पहले दिन कई पूजा समितियों के द्वारा भक्तिभाव के साथ पूजा पंडाल स्थल से विशाल कलश यात्रा निकाली गई तो विभिन्न मार्ग से भ्रमण करते हुए पूजा स्थल पर आकर समाप्त हुई। इसके बाद माता के प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। कलश स्थापना कर माता की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना शुरू हुई। पहले दिन ग्राम रनई के दुर्गा पूजा समिति के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इसी तरह श्री-श्री 108 दुर्गा पूजा समिति खरवत चेरवापारा में सुबह 10 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इसमें खरवत चेरवापारा व अन्य जगहों के श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद पूजा पंडाल शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना किया गया।

## खबर संक्षेप

### विवेकानंद महाविद्यालय में कल लगेगी प्रदर्शनी

**मनेन्द्रगढ़।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 24 सितंबर को शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आत्मनिर्भर भारत वोकल फॉर लोकल प्रचार अभियान का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मेला प्रदर्शनी, आहार एवं पोषण माह के अंतर्गत मिलेट्स व्यंजनों की प्रदर्शनी, जीवन शैली पर आधारित विशेष व्याख्यान और राष्टीय सेवा योजना स्थापना दिवस का कार्यक्रम संपन्न होगा।

### आठ साल तक व्यापारियों का शोषण: सौरव

**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मोदी सरकार की जीएसटी सुधार यात्रा और उत्सव दरअसल एक ढोंग है। उन्होंने कहा कि असलियत यह है कि सरकार 8 साल बाद वहीं कर रही है, जिसकी चेतावनी कांग्रेस के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष एवं वर्तमान लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहले दिन से दी थी। कांग्रेस प्रवक्ता श्री मिश्रा ने बताया कि राहुल गांधी ने 2017 में ही कहा था कि जीएसटी अधूरी तैयारी वाला टैक्स है, जिसे जल्दबाजी और अयोग्यता में लागू किया गया। उन्होंने चेताया था कि यह गरीबों और छोटे व्यापारियों पर डाका साबित होगा।

### ब्लॉक स्तरीय प्रोसेस लैब का प्रशिक्षण


**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में बीत 13 और 15 सितंबर को जनपद सभा कक्ष में आदि कर्मयोगी का ब्लॉक स्तरीय प्रोसेस लैब का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन को सभी ब्लॉक मास्टर ट्रेनर के द्वारा संपन्न कराया गया। इसमें ग्राम स्तरीय आदि साथी एवं सहयोगियों को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### आंगनबाड़ी व आयुष्मान स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची कलेक्टर



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सोमवार को छरछा पंडोपारा आंगनबाड़ी केन्द्र और शिवपुर चरचा आयुष्मान स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों को दिए जाने वाले भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केन्द्र समय पर खुलें और बच्चों को मेनू चार्ट के अनुसार पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भोजन से पहले बच्चों को हाथ धोने की आदत डालने और नैतिक शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने आयुष्मान स्वास्थ्य केन्द्र में वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा रखने, दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और शौचालयों की नियमित सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टर और स्टाफ से कहा कि मरीजों और उनके परिजन के साथ संवेदनशील और आत्मीय व्यवहार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी केवल भोजन देने का स्थान नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और सद्व्यवहार सिखाने का महत्वपूर्ण केन्द्र है।

## घर के बाहर से गैस सिलेण्डर चोरी करते सीसीटीवी में रिकार्ड



सीसीटीवी में कैद आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि घर के सामने रखे सिलेंडर को मौका देखते ही उठाकर ले जा रहे हैं, ऐसे में किसी भी मोहल्ले में किसी अनजान लोगों की चहल कदमी कुछ देर तक दिखाई दे तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देने की जरूरत है।

इसी तरह का एक मामला शहर के जैन मंदिर के पीछे एक व्यक्ति के घर के सामने घटित हुई। बाइक सवार पलक झपकते ही घर के बाहर रखा सिलेंडर ले भागने में सफल रहे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के जैन मंदिर के पीछे निवासरत महंगीलाल गुप्ता उम्र 55 वर्ष बीते बीते 16 सितंबर को छिन्दडॉड़ अपनी चाट फुलकी की दुकान लगाने जाने की तैयारी में घर से बाहर छोटा सिलेंडर निकाल कर रखे थे, इसी दौरान एक बाइक में दो लोग उनके घर के पास पहुंचे, तब बाइक में पीछे बैठा युवक उतर कर ⏭ शेष पेज 4 पर

### सीसीटीवी में पूरी घटना कैद

जैन मंदिर के पीछे बीते दिवस घटित हुई उठाइगिरी की घटना पड़ोस के सीसीटीवी में कैद हो गया। इसमें पूरी घटना साफ-साफ दिखाई दे रही है। घर के सामने से कुछ ही देर में अज्ञात युवक घर के बाहर रखे छोटे सिलेंडर को तेजी से उठाया और बाइक में बैठकर फरार हो गए।

### ठेकेदार संघ के राकेश अध्यक्ष व दुबे सचिव बने





**डोमनहिल।** एसईसीएल तानसेन भवन में 21 सितंबर को चिरमिरी क्षेत्र के समस्त ठेकेदारों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राकेश कुमार सिंह को अध्यक्ष एवं जेके दुबे को सचिव पद के लिए चुना गया। इसीक्रम में अन्य पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। उपाध्यक्ष पद पर उत्तम कुमार राय व रमेश सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा, सह सचिव दयानंद सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार चटर्जी बनाए गए। निगरानी समिति के सदस्य के रूप में सोनू सिंह, अजीम, राजेश कुमार सिंह, राजू सिंह, अजय मिश्रा, उपेन्द्र शर्मा, राज कुमार सिंह और दीपक सिंह का मनोनयन किया गया। पदग्रहण उपरांत अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि ठेकेदारों की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। वहीं सचिव जेके दुबे ने कहा कि पूर्व संगठन के निष्क्रिय रहने से समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा था, लेकिन वर्तमान संगठन ठेकेदारों के हित में पूरी तत्परता से कार्य करेगा।

### शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

## सोनबरसा में एक महीने से ट्रांसफार्मर खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

- ग्रामीण अंधेरे में रहने मजबूर

एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत सोनबरसा के ग्रामीण पिछले एक महीने से अंधेरे में जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। गांव का ट्रांसफार्मर खराब पड़े होने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

सरपंच एवं सचिव द्वारा इस संबंध में विभाग को लिखित आवेदन भी सौंपा गया, लेकिन अब तक न तो ट्रांसफार्मर की मरम्मत हुई और न ही नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को

### पानी की सप्लाई बाधित



खराब ट्रांसफार्मर।

पड़ रहा है। शाम ढलते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं घरों में पानी की सप्लाई भी बाधित हो रही है। मोबाइल चार्जिंग और अन्य आवश्यक काम ठप हो जाने से ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर समस्या का निराकरण करने की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### रावण दहन की तैयारी पूरी, मोहन देंगे प्रस्तुति



**डोमनहिल।** विगत वर्षों की भॉंति इस वर्ष भी डोमनहिल फुटबॉल ग्राउंड में 50 फीट ऊंचे रावण का निर्माण किया जा रहा है। बुराई के प्रतीक रावण का दहन 2 अक्टूबर गुरूवार को किया जाएगा, इसके उपरांत भोजपुरी लोकगायक एवं सुरसंग्राम विजेता मोहन राठौर अपनी टीम के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। कमेठी अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर डोमरू बेहरा ने जानकारी दी कि पिछले 40 वर्षों से डोमनहिल फुटबॉल ग्राउंड में रावण दहन कार्यक्रम परंपरागत रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर आसपास के गांव से काफी संख्या में लोग शामिल होते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस मनमोहक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### छग मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पहुंचे एमसीबी



**मनेन्द्रगढ़।** छग मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा का विगत 17 सितंबर को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में आगमन हुआ। जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित मछुआ सम्मेलन में भरतपुर-सोनहत की पूर्व विधायक श्रीमती चंपा देवी पावले, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता देवी, जनपद सदस्य आनंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन में जिले की मछुआ सहकारी समितियां, मछुआ समूह एवं मत्स्य कृषक काफी संख्या में शामिल हुए। अध्यक्ष श्री मटियारा ने मछुआ समुदाय के सदस्यों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली और समाधान के लिए राज्य स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन ऐसा व्यवसाय है जिसे बहुत कम लागत में प्रारंभ कर बेहतर आय अर्जित की जा सकती है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान अवसर पर कहा है कि जन-जन को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य रोपे, प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत है। 17 सितंबर प्रदेश एवं देश के लिए ऐतिहासिक रहा, जब प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हुए स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया।

### 10 दिनों तक गूंजेगा भक्तिरस

**बिजुरी।** शारदीय नवरात्रि की पावन बेला का शुभारंभ सोमवार से हो गया। शक्ति की उपासना का यह महापर्व नौ दिनों तक चलेगा। इसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। नगर के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और वातावरण भक्तिरस से सराबोर है। घटस्थापना के साथ ही आज भक्तगण मां शैलपुत्री की पूजा किए। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। जगह-जगह भजन, कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला आरंभ हो गई है।

## निधन

### मृत्युंजय चतुर्वेदी



मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय चतुर्वेदी पिता पंडित काशीनाथ चतुर्वेदी का निधन सोमवार को उपचार के दौरान रायपुर के एक निजी अस्पताल में हो गया। स्व. चतुर्वेदी 65 वर्ष के थे। 22 सितंबर की शाम 5 बजे उनका पार्थिव शरीर मनेन्द्रगढ़ स्थित उनके निवास पहुंचा, जहां परिजन और शुभचिंतकों ने मृतात्मा को अंतिम विदाई दी। स्व. चतुर्वेदी का अंतिम संस्कार मंगलवार को प्रयागराज (उप्र) में होगा। स्व. चतुर्वेदी को विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## चार काउंटर के बाद भी लगती है लंबी लाइन

# जिला अस्पताल में पंजीयन काउंटर की अव्यवस्था, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के दावे मरीजों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सोमवार की शाम पंजीयन काउंटर की लचर व्यवस्था के कारण काफी संख्या में मरीजों और उनके परिजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल परिसर में एक ही पंजीयन काउंटर खुला रहने से लोगों की लंबी कतार लग गई। अस्पताल पहुंचे मरीजों का कहना था कि काउंटर में चार-चार ऑपरेटर मौजूद थे, लेकिन केवल एक ही काउंटर नंबर 2 से पर्ची काटी जा रही थी, इससे दर्जनों मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

कई महिलाएं अपने छोटे बच्चों को गोद में लेकर कतार में खड़ी रहीं तो कुछ बुजुर्ग मरीज अपने गंभीर स्वास्थ्य हालात में भी लाइन में खड़े रहने को मजबूर हुए। भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी की स्थिति भी बनी रही और मरीजों में आक्रोश दिखाई दिया। परिजन ने बताया कि बैकुंठपुर सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज से लोग इलाज कराने आते हैं। इनमें कई मरीज गंभीर हालत में होते हैं, जिन्हें तुरंत इलाज की आवश्यकता होती है, लेकिन पंजीयन काउंटर की धीमी और मनमानी व्यवस्था के कारण उन्हें घंटों तक खड़ा रहना पड़ता है, इससे न केवल मरीजों की परेशानी बढ़ रही है बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब ऑपरेटर मौजूद हैं तो सभी काउंटरों को एक साथ खोला जाना चाहिए, ताकि भीड़ कम हो और मरीजों को शीघ्र सुविधा मिल सके। मगर जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही और मनमानी के चलते मरीजों को ही इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। इस स्थिति से परेशान मरीजों और परिजन ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है कि पंजीयन काउंटर की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। सभी काउंटरों को एक साथ चालू किया जाए, ताकि कोई भी मरीज समय पर इलाज से वंचित न हो। गौरतलब है कि जिला अस्पताल बैकुंठपुर की सेवाओं को लेकर आए दिन शिकायतें सामने आती रहती हैं। कभी कर्मचारियों की मनमानी से मरीजों को परेशान होना पड़ता है।




पंजीयन काउंटर में मरीजों की भीड़।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



बैकुण्ठपुर। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिलेभर में किशोरी बालिकाओं और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिले के स्कूलों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरबीएसके टीम, चिरायु टीम तथा चिकित्सकों द्वारा महिलाओं और किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान उपचार दिया गया तथा चिन्हित गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य बनाए रखने एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

## जिला चिकित्सालय में सुविधाओं के विस्तार की मांग

बैकुण्ठपुर। जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर की विभिन्न समस्याओं को लेकर शहर निवासी शाहिद असरफी और महेन्द्र प्रताप सिंह ने विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलकर जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में सुविधाओं की बढ़ोतरी करने की मांग की। विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सौंपे अपने शिकायत आवेदन में उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर 100 बिस्तरीय अस्पताल है और प्रतिदिन यहां 3 से 4 सौ ओपीडी में मरीज उपचार कराते हैं और काफी संख्या में प्रतिदिन मरीज



भर्ती रहते हैं, लेकिन जिला चिकित्सालय में चिकित्सा विशेषज्ञ नर्सिंग स्टाफ, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग स्टाफ की भारी कमी है, इसके चलते स्वास्थ्य व्यवस्था का संचालन ठीक से नहीं हो पाता है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि डीएमएफ मद से ग्राम कंचनपुर में नवीन जिला चिकित्सालय का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, लेकिन उक्त नवीन भवन का निर्माण कार्य धीमी गति से हो रहा है। वर्तमान में जिला चिकित्सालय में बेड की संख्या बढ़ाने की जरूरत है तथा आईसीयू संचालन के लिए पर्याप्त स्टाफ भी नहीं है, इसके अलावा कई अन्य समस्याओं को लेकर विधान सभा अध्यक्ष श्री सिंह को मांग पत्र सौंपकर सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग की गई।

## नशामुक्त मैराथन दौड़ का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान को जनजागरूकता से जोड़ते हुए रविवार को आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ से आमाखेरवा परेड ग्राउंड तक भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रातः 7 बजे प्रारंभ हुई इस दौड़ में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने जोश और उत्साह के साथ भागीदारी की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव रहीं, जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। यह दौड़ पुरुष एवं बालिका वर्ग में विभाजित रही और दोनों ही वर्गों में युवाओं ने दमखम दिखाते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा ने प्रतिभागियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प भी दिलवाया।

## स्वच्छता पखवाड़ा में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल



डोमनहिल। पोड़ीडीह स्थित पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आदिसेवा पर्व एवं स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन सोमवार को हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री श्री जायसवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसने विद्यार्थियों और उपस्थितजन को राष्ट सेवा और समाज सुधार की दिशा में प्रेरित किया। बच्चों द्वारा निर्मित ड्रोन का प्रदर्शन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसे स्वयं मंत्री ने उड़ाकर बच्चों की प्रतिभा और नवाचार भावना की सराहना की। मंत्री श्री जयसवाल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह समाज और राष्ट के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाए। कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, आशीष मजुमदार, धर्मेन्द्र पटवा, रामेश्वर पाण्डेय, सहायक आयुक्त, विद्यालय प्राचार्य, मंडल संयोजक सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### चरचा क्षेत्र में...

सुभाष नगर दुर्गा पूजा समिति चंदा एकत्र कर प्रतिमा स्थापित करती है, जबकि मिलानी क्लब में बंगाली समाज परंपरागत विधि-विधान से पूजा करता है। वहीं एसईसीएल कर्मियों के सहयोग से हनुमान मंदिर परिसर में वर्षों से दुर्गा पूजा, काली पूजा, फुटबॉल-वालीबॉल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक आयोजन होते आ रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल और रावण दहन समिति अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी श्रमवीर स्टेडियम में दशहरे के पावन अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम होगा। दशहरा, दीपावली और छठ जैसे महापर्वों को लेकर व्यापारी वर्ग में भी उत्साह है। दुकानदारों ने कपड़ा, किराना, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक समेत विभिन्न दुकानों में नया स्टॉक भरना शुरू कर दिया है। पूजन कार्यक्रम- 22 सितंबर कलश स्थापना, शैलपुत्री पूजा, 23 सितंबर ब्रह्मचारिणी पूजा- , 24 सितंबर चंद्रघंटा पूजा, 25 सितंबर कुष्मांडा पूजा, 26 सितंबर स्कंदमाता पूजा, 27 सितंबर कात्यायनी पूजा, 28 सितंबर कालरात्रि पूजा, 29 सितंबर महागौरी पूजा, महाअष्टमी व्रत, 30 सितंबर सिद्धिदात्री पूजा, हवन, कन्या पूजन, 1 अक्टूबर दुर्गा विसर्जन, 2 अक्टूबर विजयादशमी, रावण दहन।

### घर के बाहर से...

मोबाइल में बात करता रहा और बाइक लेकर चालक कुछ दूर पर खड़ा था। कुछ देर आगे पीछे होने के बाद एक युवक मौका देखकर छोटी गैस सिलेंडर को उठाया और बाइक में बैठ वहां से भाग निकले। यह घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। शहर के किसी मोहल्ले में दिन दहाड़े उठाई गिरी करने की घटना से पीड़ित परिवार भी सकते में आ गए कि दिन दहाड़े चोरों के हौसले बढ़ गए हैं। ऐसे में दिन के समय में भी अपने घर पर सतर्क रहने की जरूरत है। एक आरोपी पकडाया पुलिस के हवाले किया- दिन दहाड़े उठाईगिरी की घटना सीसीटीव्ही में कैद हो गया था, आरोपी बाइक चालक की पहचान साफ हो गई थी।

## दीदियों ने 3 महीने में किया 12 लाख का कारोबार

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में लखपति दीदी योजना महिलाओं के जीवन में परिवर्तन की बड़ी कहानी लिख रही है। इसी योजना के अंतर्गत बैकुंठपुर ब्लॉक के डुमरिया गांव का महालक्ष्मी स्व-सहायता समूह पूरे जिले के लिए प्रेरणा बन गया है।



समूह की अध्यक्ष मुन्नी बाई को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और बिहान योजना के तहत एम प्लस नाम से पैक्ड बोटल वाटर प्लांट स्थापित करने का अवसर मिला। इसकी कुल लागत 35 लाख रूपए हैं। पीएमईजीपी से 30 लाख रूपए की सहायता प्राप्त हुई। इसके अलावा बिहान से 5 लाख रूपए का ऋण प्राप्त किया। सिर्फ तीन महीनों में ही इस प्लांट ने 12 लाख रूपए से अधिक का कारोबार कर लिया है। आज समूह की 5 से अधिक महिलाएं लखपति बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। मुन्नीबाई दीदी कहती हैं। लखपति दीदी योजना ने हमें नया जीवन दिया है। अब हम दूसरों को भी रोजगार देने की स्थिति में हैं। महालक्ष्मी समूह की महिलाएं अब अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने के साथ बच्चों की शिक्षा और सामाजिक कार्यों में योगदान दे रही हैं। यह पहल साबित करती है कि अगर अवसर और सही दिशा मिले तो गांव की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकती है।

## खुरहा-चपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान

**बैकुण्ठपुर।** पशुधन विकास विभाग रायपुर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत जिले में गौ एवं भैंसवंशीय पशुओं को खुरहा-चपका (फुट एंड माउथ डिजीज) रोग से बचाव के लिए सघन टीकाकरण अभियान का छठा चरण 15 सितंबर से प्रारंभ किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए विभागीय टीकाकरण दल को आवश्यक सामग्री एवं टीकाद्रव्य उपलब्ध कराकर रवाना किया गया है।



खुरहा-चपका एक संक्रामक विषाणुजनित रोग है। इस रोग से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में टीका नहीं लगाया जाना चाहिए, जैसे- 4 माह से कम उम्र के बछड़े-बछियां, कुपोषित एवं त्वचा रोग से ग्रसित पशु, पहले से बीमार पशु, गर्भावस्था के अंतिम 2 माह वाले पशु। उप संचालक पशुधन विकास विभाग ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे टीकाकरण दल को पूरा सहयोग प्रदान करें और अपने समस्त गौ एवं भैंसवंशीय पशुओं का टीकाकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि खुरहा-चपका रोग का उपचार करने से अधिक जरूरी है इससे बचाव। टीकाकरण ही पशुओं की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है।

# नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के सख्त दिशा-निर्देशों के तहत नशे के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 21 सितंबर को थाना बैकुंठपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 28 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं।

गठित विशेष टीम को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम छिन्दडांड़ में एक युवक नशीले पदार्थों की बिक्री कर रहा है। छापामारी के दौरान आरोपी प्रियांशु साहू पिता जयप्रकाश साहू उम्र 20 वर्ष निवासी डामरपारा छिन्दडांड को पकड़ा गया। उसकी तलाशी में बुप्रेनोर्फिन इंजेक्शन रेक्जोजेसीक ब्रांड के14 नग कीमत 3,500 तथा फेनिरामाइन मेलियेट इंजेक्शन एविल ब्रांड के 14 नग कीमत 3,500 इस प्रकार कुल 28 नग नशीले इंजेक्शन कुल मूल्य लगभग 7 हजार रूपए जब्त किए गए। आरोपी के विरूद्ध थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 221/2025 धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अलंगो दास, सहायक उप निरीक्षक अदीप प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश उईके, आरक्षक महेन्द्र पुरी, नारायण नायक, समीर जासवाल, सायबर सेल निरीक्षक विनोद पासवान एवं आरक्षक शिवम सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

पुलिस ने की कार्रवाई



# मनचले वाहन चालकों पर पुलिस की कार्रवाई, काटे चालान



कार्रवाई करती पुलिस।

**चरचा कॉलरी।** कोरिया पुलिस ने शनिवार की शाम चरचा क्षेत्र के मुख्य मार्ग एनएच 43 पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती दिखाई। इस दौरान ट्रिपल सवारी, बिना नंबर प्लेट, तेज आवाज वाले साइलेंसर और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई।

वहीं चारपहिया वाहनों में ब्लैक फे्रम और ओवरलोडिंग करने वालों पर भी जुर्माना लगाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देशन तथा एएसपी पंकज पटेल, एसडीओपी राजेश साहू और डीएसपी श्याम लाल मधुकर के मार्गदर्शन में चलाया गया। मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े और थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम तैनात रही। अचानक हुई जांच से कई वाहन चालक घबरा गए, लेकिन अधिकांश लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया। अभियान के दौरान पुलिस ने चालान काटने के साथ-साथ लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी और हेलमेट व दस्तावेजों का पालन करने की अपील भी की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल चालान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों में यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है। त्योहारों को देखते हुए आगामी दिनों में और भी सख्ती बरती जाएगी।

# जर्जर भवन में संचालित हो रहा पंचायत भवन



बैकुण्ठपुर। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम उरूमदुगा में विगत 10 वर्षों से ग्राम पंचायत भवन जर्जर हालत में है। इस समस्या को लेकर ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने कई बार जनपद एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को आवेदन देकर नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति की मांग की गई थी, बावजूद इसके इस दिशा में कोई ध्यान अब तक नहीं दिया गया, इसे लेकर अब फिर से वर्तमान ग्राम पंचायत उरूमदुगा सरपंच द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोरिया को आवेदन देकर नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कराने के लिए स्वीकृति दिए जाने की मांग की। सौंपे पत्र में सरपंच ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत उरूमदुगा का पंचायत भवन बीते 10 वर्षों से जर्जर हालत में है, जहां कार्य करने में हमेशा खतरा बना रहता है और इस समस्या को लेकर इसके पूर्व कई बार जिला व जनपद पंचायत के अधिकारियों को नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाने की मांग संबंधी आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक इस दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरपंच ने पत्र में उल्लेख किया कि ग्राम पंचायत भवन जर्जर होने के कारण वर्तमान में पंचायत का संचालन सामुदायिक भवन में किया जा रहा है, जहां पर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





